# आकाशवाणी शिमला

## 09.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे

**प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत की नारी शक्ति विभिन्न क्षेत्रों में उदाहरण प्रस्तुत कर रही है और विकसित भारत के संकल्प में सक्रिय रूप से शामिल हो रही हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने पिछले 11 वर्षों में महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास पर ध्यान केंद्रित किया है, जो महत्वपूर्ण है। इनमें स्वच्छ भारत अभियान के माध्यम से नारी सम्मान सुनिश्चित करना, जन धन खातों के माध्यम से वित्तीय समावेशन और जमीनी स्तर पर नारी सशक्तिकरण शामिल हैं।

**भाजपा**

इस बीच केन्द्र की मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेश भर में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने बताया कि पार्टी आज से विशेष अभियान शुरू कर रही है जिसमें संगठन के सभी स्तरों पर कार्यक्रम आयोजित होंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा पर्यावरण की दृष्टि से महत्वपूर्ण कार्य कर रही है और प्रदेश के कुल 8 हजार 9 पोलिंग बूथों पर करीब 90 हजार पौधे लगाए जाएंगे। बिंदल ने कहा कि 20 जून तक मण्डल और बूथ स्तर पर कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी।

**किन्नौर दौरा**

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू आज से किन्नौर ज़िले के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। वे आज शोंगटोंग करछम पावर हाउस साइट व बैरेज साइट पवारी में निर्माणधीन गतिविधियों का जायज़ा लेंगे और इंजीनियरों व मज़दूरों से संवाद करेंगे। इस दौरान वे रिकांगपिओ व कल्पा में विभिन्न योजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे। इसमें शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रिकांगपिओ में सभा भवन व कल्पा में बनने जा रहे राजीव गांधी स्पोर्टस स्टेडियम शामिल है। मुख्यमंत्री कल 10 जून को शिप्की ला गांव से ''सीमा पर्यटन'' पहल की शुरूआत करेंगे जिससे देशभर के पर्यटकों को किन्नौर और लाहौल–स्पीति ज़िलों के भारत–चीन सीमा से सटे सीमावर्ती क्षेत्रों को जानने का अवसर प्राप्त होगा। गौरतलब है कि इन क्षेत्रों में पहले विशेष अनुमति लेकर जाना पड़ता था लेकिन अब यह प्रक्रिया सरल बना दी गई है। नए दिशा–निर्देशों के अनुसार स्थानीय लोग व पर्यटक अब वैध पहचान पत्र दिखाकर इन स्थानों पर जा सकते हैं। आई.टी.बी.पी. और सेना निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार पर्यटकों का सुगम और सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करेगी।

**सोलन ग्रीष्मोत्सव**

सोलन के ठोडो मैदान में 8 दिवसीय ग्रीष्मोत्सव का विधिवत शुभारम्भ कल देर शाम नगर निगम सोलन की महापौर ऊषा शर्मा ने किया। पहली सांस्कृतिक संध्या में पहाड़ी लोकगायक अरुण जस्टा ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। वहीं आज होने वाली स्टार नाईट में पंजाबी गायक मन्नत नूर, अपनी गायकी से दर्शकों का मनोरंजन करेगी। इसके अलावा कई और कलाकार भी लोगो का मनोरंजन करेंगे। इस दौरान महापौर उषा शर्मा ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से जहां युवाओ सहित सभी का मनोरंजन होता है। वहीं दूसरी और युवाओं की प्रतिभा को भी उचित मंच प्रदान होता है।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

आज से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह के अवसर पर अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान योग समावेश विषय पर तीन दिवसीय विशेष अयंगर योग कार्यशाला की मेजबानी करने जा रहा है। कार्यशाला आज शुरू हो रही है। लाइफयोगा सेंटर के प्रसिद्ध अयंगर योग शिक्षक अमित शर्मा के नेतृत्व में, अयंगर परंपरा की पहचान के अनुरूप सत्र सटीक शरीर मुद्रा तकनीकों और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित करेंगे। कार्यशाला अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान से जुड़े विद्वानों और योग उत्साही लोगों के लिए खुली है। यह पहल 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रामाणिक और समावेशी योग के माध्यम से समग्र कल्याण को बढ़ावा देने के लिए प्रयासों पर प्रकाश डालती है।

## सुर्खियां समाचार पत्रों से...

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। दिव्य हिमाचल की एक खबर है **फायनांस कमीशन में एक और कोशिश करेगा हिमाचल।**

**हिमाचल प्रदेश में बढ़ रही किडनी की बीमारी** शीर्षक से अमर उजाला लिखता है **शिमला जिले में सर्वाधिक 39 दशमलव 9 प्रतिशत मरीज।**

मुख्यमंत्री के हवाले से आपका फैसला लिखता है **सरकार ने डेरी सेक्टर के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूत।**